# बिहार सरकार
# आपदा प्रबंधन विभाग
# (बिहार राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र)

## प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांकः 03.06.2025**
**समयः 04.00 बजे अप0**

दिनांक 02.06.2025 को राज्य के सिवान जिला के विभिन्न अंचलों में चली तेज आंधी एवं भारी वर्षापात के कारण कई स्थानों पर मकान एवं पेड़ गिरने की सूचना प्राप्त हुई है। मकान एवं पेड़ों के नीचे दबकर कुछ स्थानों पर लोगों के मरने की सूचना भी प्राप्त हुई है। सिवान जिला से प्राप्त सूचना के अनुसार आंधी–तूफान एवं वर्षापात के कारण जिला में कुल **07** लोगों की मृत्यु हुई है। मृतकों के निकटतम परिजनों को अनुग्रह अनुदान का भुगतान करने हेतु नियमानुसार कार्रवाई के लिए जिला पदाधिकारी को निदेशित किया गया है। अंचलवार मृतकों की संख्या निम्नवत् हैः–

| क्र0सं0 | अंचल | तेज आंधी–तूफान के कारण हुई मृत्यु की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | बड़हरिया | 1 |
| 2 | बसंतपुर | 2 |
| 3 | लकड़ी नबीगंज | 3 |
| 4 | गोरैया कोठी | 1 |
| **कुल** | | **7** |

**आपदा के प्रभाव को कम–से–कम करने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। किसी भी आपदा की स्थिति में आपदा प्रबंधन के हेल्पलाइन नम्बर :0612–2294204 व टोल फ्री नम्बर : 1070 पर तत्काल सम्पर्क किया जा सकता है।**